# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 23 मार्च, 2021

----

**[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].**

Total Short Notice Question- 9

----

### राशि खर्च नहीं

*163 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

Will the **गन्ना उद्योग** be pleased to state:-
क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2019 – 2020 एवं 2020 – 21 में राज्य योजना अंतर्गत कृषि रोड मैप में मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम के तहत कुल रु28 करोड़ रुपया व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई थी, कुल आवंटित राशि में शून्य प्रतिशत व्यय की गई;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो आवंटित राशि खर्च नहीं करने का औचित्य क्या है?

----

### अन्यत्र स्थापित

*164 **श्री हरिनारायण चौधरी (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

Will the **ऊर्जा** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रामबाबू चौक से रेलवे स्टेशन चौक के बीच ट्रांसफार्मर के ठीक नीचे अनेकों दुकानें अवैध रूप से हैं;

(ख) क्या यह सही है कि ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने से उक्त दुकानों में भी बराबर आग लग जाती है, जिससे जानमाल की क्षति के साथ बड़ा हादसा होने की प्रबल संभावना बनी रहती है;

(ग) क्या यह सही है कि ट्रांसफार्मर के ठीक नीचे या अगल-बगल विभागीय यूनियन एवं मानक के अनुसार दुकानें लगाना कानूनन अपराध है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित स्थल के ट्रांसफार्मर के नीचे लगे दुकानों को अविलम्ब हटाकर अन्यत्र स्थापित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## त्वरित कार्रवाई

*165 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि जिला – वैशाली, प्रखण्ड – जन्दाहा के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गराही के ध्वस्त भवन की जगह नया भवन निर्माण कराने का सिविल सर्जन ने 02 मार्च 2019 को लिखित आश्वासन दिया था;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को बनाने के लिए त्वरित कार्रवाई करने जा रही है?

----

## शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

*166 **डा. दिलीप कुमार जायसवाल (पूर्णिया, अररिया स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** be pleased to state:-
क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि शेखपुरा जिला के शेखपुरा प्रखंड के महशार पंचायत के अंतर्गत ओठमा गांव में नल-जल योजना चालू है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त ओठमा गांव में स्थानीय लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु लगा पाइप जहां-तहां फटा रहने के कारण गांव के लोगों के घर तक पानी नहीं पहुंच रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि तपती गर्मी में उक्त गांव के ग्रामीणों को पानी के लिए घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' एवं 'ख' पर अंकित गांव में स्थानीय लोगों के लिए शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु लगे पाइप में फटे पाइप के स्थान पर नया पाइप लगाते हुए शुद्ध पेयजल आपूर्ति करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## सरकारी अनुदान

*167 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **गन्ना उद्योग** be pleased to state:-
क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत रीगा चीनी मिल के बंद होने से इस प्रक्षेत्र में लगे 15 लाख क्विंटल गन्ना को औने-पौने भाव में किसानों को बेचना पड़ा;

(ख) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चम्पारण एवं मुजफ्फरपुर जिला में कुल मिलाकर एक हजार एकड़ जमीन में गन्ने की खेती होती है, जिसको रीगा चीनी मिल में चीनी निर्माण हेतु भेजा जाता है;

(ग) क्या यह सही है कि मिल के बंद हो जाने के बाद विकल्प के तौर पर खंड 'ख' में लगे गन्ने का उपयोग गुड़ बनाने में किया जा सकता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गन्ना उत्पादकों को वैज्ञानिक ढंग से गुड़ बनाने हेतु सरकारी अनुदान देना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई पर विचार

*168 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

Will the **गन्ना उद्योग** be pleased to state:-
क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2019 – 20 में मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम के तहत प्रमाणित बीज, प्रोत्साहन राशि, प्रमाणित बीज उत्पादन प्रोत्साहन कार्यक्रम गन्ना के चयनित प्रदेशों में अनुदानित दर पर बीज वितरण हेतु बजट में 2341 लाख रुपया का प्रावधान किया गया था, जिसकी भौतिक उपलब्धि एवं खर्च प्रतिशत शून्य है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो राशि खर्च नहीं करने वाले पदाधिकारियों पर सरकार कौन सी कार्रवाई करने का विचार रखती है?

----

## राशि का भुगतान

*169 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

Will the **स्वास्थ्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के सभी सरकारी ए.एन.एम. स्कूलों में सत्र 2018-19 से अबतक छात्राओं को छात्रवृत्ति की राशि नहीं दी गई है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त सरकारी ए.एन.एम. स्कूलों में छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान करने का विचार रखती है?

----

## पेयजल की आपूर्ति

*170 **डा. दिलीप कुमार जायसवाल (पूर्णिया, अररिया स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** be pleased to state:-
क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि शेखपुरा जिला के शेखपुरा प्रखंड अंतर्गत गगरी पंचायत के रूदाशी गांव के वार्ड नं०- 3 में नल-जल योजना के तहत बोरिंग किया गया है, परन्तु उसमें अभी तक मोटर नहीं लगाया गया है जो स्थानीय लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में विभागीय उदासीनता का सूचक है;

(ख) क्या यह सही है कि रूदाशी गांव स्थित उक्त बोरिंग से महावीर मंदिर तक पाइप बिछाने की भी अति आवश्यकता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' पर अंकित किये गये बोरिंग में मोटर लगाते हुए बोरिंग से महावीर मंदिर तक पाइप बिछाते हुए स्थानीय लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## जलमीनार से जलापूर्ति

*171 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** be pleased to state:-
क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परिहार प्रखंड के सिरसिया बाजार एवं प्रखंड मुख्यालय में जुलाई, 2020 में निर्मित जलमीनार से अभी तक जलापूर्ति का

शुभारंभ नहीं हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि जलमीनार से जलापूर्ति हेतु जगह-जगह पाइप टूट गया है;

(ग) क्या यह सही है कि सामाजिक कार्यकर्त्ता द्वारा कई बार विभाग तक शिकायत कराने के बाद भी विभाग की कुम्भकरणी निद्रा नहीं टूटी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो जलमीनार से जलापूर्ति नहीं होने का क्या औचित्य है और कबतक इस योजना को ठीक-ठाक कर शुद्ध पेयजल सरकार ग्रामीणों को पहुंचायेगी?

----